Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to set up Iron Ore based industries at Mirapur in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : उपाध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर मध्य प्रदेश के बंडा विधान सभा क्षेत्र में हीरापुर पंचायत है, जिसके आसपास कच्चा लोहा बड़े लम्बे समय से प्राप्त होता रहा है। यह क्षेत्र छतरपुर जिले की बिजावर तहसील में प्राप्त होता है और बंडा सायगढ़ के बीच में फैला हुआ है, जो लगभग 90 किलोमीटर लम्बी और 40 किलोमीटर चौड़ी पट्टी है। ब्रिटिश शासनकाल के समय से यहां पर बहुत बड़ी मात्रा में लोहा प्र ाप्त होता रहा है, लेकिन उस समय क्या होता है कि एक जाति विशेा द्वारा उस लोहे से बरतन बनाने का काम और हथियार बनाने का काम किया जाता रहा है। अभी खनिज माफियाओं के चलते यहां जो लोहा प्राप्त होता है, वहां के मजदूरों को थोड़ा बहुत पैसा देकर, ऊपरी स्तर पर प्र ाप्त होने वाले लोहे को संग्रह करके माफियाओं के द्वारा बाहर भेजा जाता है। इस सम्बन्ध में लगभग 21 लोगों ने वहां खनिज विभाग से लीज लेने के लिए आवेदन किया हुआ है, लेकिन यह जमीन चूंकि रिजर्व फोरैस्ट के अन्तर्गत आती है, अतः काफी लम्बी प्रक्रिया के दौर से गुजरने के कारण लीज के आवेदनों को स्वीकृति मिलने में काफी कठिनाइयां आ रही हैं। अगर इस क्षेत्र में शासन द्वारा विशेा सर्वे कराकर कच्चे माल पर आधारित उद्योग लगाये जाते हैं, तो यहां लोगों को काफी मात्रा में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ हो सकता है तथा रोजगार के नये अवसरों का सृजन भी हो सकता है।

अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि खनिज विभाग में सर्वे कराकर, प्राप्त होने वाले लोहे के उपयोग हेतु सागर के हीरापुर में स्टील उद्योग लगवाने में सहयोग करें।